मंगलवार, 3 मार्च, 2026

www.tvbharatvarsh.in

E-PAPER

कुल पृष्ठ–08



गौतम गंभीर ने इंग्लैंड से सेमीफाइनल को चुनौतीपूर्ण बताया

Page-04

भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

प्री-सेल में ही रणवीर सिंह ने यश को दे दी धोबी पछाड़

Page-05



पीएम मोदी और पीएम कार्नी भारत-कनाडा संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर की चर्चा

- भारत-कनाडा आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में साथ काम करेंगे।
- पीएम मोदी: क्षेत्रीय तनाव का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से संभव।




टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने निवेश, व्यापार और रणनीतिक सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की। पीएम मोदी ने बताया कि सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए ऐतिहासिक समझौता हुआ है, और कई क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं, जिससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।बैठक में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास में सहयोग, कृषि और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन, तथा भारत में कनाडा-पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना पर भी सहमति बनी। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत-कनाडा रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इस सहयोग से रक्षा उद्योग, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। बैठक के दौरान व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा के अलावा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्रों में दो देशों के साझेदारी को और व्यापक बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई।

पश्चिम एशिया में ईरान वार के हालात पर टिप्पणी

पश्चिम एशिया में ईरान वार के हालात पर टिप्पणी करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत क्षेत्रीय तनाव को लेकर चिंतित है और वैश्विक शांति और स्थिरता चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल भारत और कनाडा बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौती हैं। इन खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों का घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत हमेशा वैश्विक और क्षेत्रीय शांति का पक्षधर रहा है और किसी भी विवाद का समाधान केवल संवाद और कूटनीति के जरिए ही संभव है। उन्होंने उल्लेख किया कि पश्चिम एशिया में ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़ती सैन्य गतिविधियों और हवाई हमलों ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक बाजारों पर भी असर डाला है।पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता के खिलाफ मिलकर काम करना दोनों देशों के लिए रणनीतिक महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि भारत और कनाडा पहले ही सुरक्षा सहयोग, खुफिया साझा करने और आतंकवादी नेटवर्क को कमजोर करने में साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सहयोग केवल द्विपक्षीय हितों के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सुरक्षा और विश्व शांति के लिए भी आवश्यक है।



भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में कनाडा के पीएम मार्क जे कार्नी के साथ बैठक के दौरान ऐतिहासिक घोषणा की कि कनाडा भारत को सिविल न्यूक्लियर एनर्जी के लिए यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति करेगा। यह समझौता दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को नए स्तर पर ले जाएगा और भारत के न्यूक्लियर ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती देगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह केवल ऊर्जा सहयोग का कदम नहीं है, बल्कि भारत और कनाडा के बीच रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि इस समझौते से दोनों देशों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में रक्षा, कृषि, खाद्य सुरक्षा और उन्नत तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को भी बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि दोनों देश उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के विकास में मिलकर काम करेंगे। दोनों नेता इस अवसर पर भारत-कनाडा संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ईरान पर कार्रवाई में शामिल नहीं होगा स्पेन, अमेरिका को सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने से रोका

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

तीसरे दिन भी इजराइल-यूएस और ईरान के बीच जंग जारी है। इस बीच स्पेन ने अमेरिका को अपने सैन्य अड्डों का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए करने से रोक दिया। स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुअल अल्बारेस ने कहा कि स्पेनिश बेस इस ऑपरेशन के लिए उपयोग में नहीं लाए जा रहे हैं और न ही किसी सैन्य कार्रवाई में इस्तेमाल होंगे।स्पेन के इस फैसले के बाद रोटा और मोरॉन एयरबेस से 15 अमेरिकी विमान वापस लौट गए। ये अड्डे अमेरिका की रणनीतिक योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, क्योंकि इनसे मिसाइल ठिकानों और अन्य सैन्य लक्ष्यों पर हवाई हमले किए जा सकते थे। स्पेन के इस कदम से अमेरिका की ऑपरेशन क्षमता पर असर पड़ सकता है और मध्य-पूर्व में तनाव और बढ़ सकता है।साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिटेन पर भी नाराजगी जताई। अमेरिका युद्ध के पहले दिन ही ब्रिटिश बेस डिएगो गॉर्सिया से ईरान पर हमला करना चाहता था। लेकिन ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 48 घंटे बाद अमेरिका को सीमित परमिशन दी, जिसमें केवल ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की अनुमति थी। ट्रम्प ने कहा कि वे इस देरी और प्रतिबंध से बेहद निराश हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि स्पेन और ब्रिटेन के ऐसे कदम अमेरिका की रणनीति और मध्य-पूर्व में स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी इन निर्णयों के प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की संभावना है। फिलहाल अमेरिका ने सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों पर विचार शुरू कर दिया है । विशेषज्ञों का कहना है कि स्पेन और ब्रिटेन की यह पॉलिसी अमेरिका को सीधे हमले के लिए सीमित करती है और ऑपरेशन की गति को प्रभावित कर सकती है।इससे न केवल सैन्य रणनीति पर असर पड़ेगा, बल्कि क्षेत्रीय देशों के बीच तनाव और बढ़ने का खतरा भी है।वैश्विक निवेशक और तेल बाजार इस बीच सतर्क नजर आ रहे हैं, क्योंकि मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव से ऊर्जा आपूर्ति और क्रूड प्राइस में उछाल की संभावना है।



महाराष्ट्र से शरद पवार हो सकते है महाविकास आघाड़ी के राज्यसभा उम्मीदवार

राज्यसभा चुनाव में महाराष्ट्र से शरद पवार महाविकास आघाड़ी के राज्य सभा उम्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट शरद पवार के नाम पर राजी हो गए हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की दूसरी सीट पर राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को राज्यसभा टिकट देने का फैसला किया है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के पास एक ही राज्यसभा सीट है, जिस पर जीत मिल सकती है। इसके लिए एनसीपी, शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस के बीच होड़ मची हुई थी। हालांकि, अंत में शरद पवार के नाम पर सभी पार्टियां राजी हो गईं। राज्यसभा की सात सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख पांच मार्च है। चुनाव 16 मार्च को होंगे और मतों की गिनती भी उसी दिन होगी। अप्रैल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (उबाठा) नेता प्रियंका चतुर्वेदी, राकांपा (शप) की फौजिया खान, आरपीआई (आठवले) के रामदास आठवले, भाजपा के भागवत कराड, कांग्रेस की रजनी पाटिल और राकांपा के धैर्यशील पाटिल का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

खामेनेई की पत्नी की भी हुई मौत, हमले के दौरान हुई थीं घायल

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद अब उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरज़ादेह का भी निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार, मंसूरे 79 वर्ष की थीं और हमले के समय खामेनेई के साथ तेहरान में उनके परिसर में मौजूद थीं। पहले उन्हें गंभीर रूप से घायल बताया गया था और अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था।मंसूरे खोजस्ते बागेरज़ादेह ईरान के मशहद में जन्मी थीं और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के पूर्व उप निदेशक हसन खोजस्ते बगेरज़ादेह की बहन थीं। हमले में खामेनेई के साथ उनकी बेटी और दामाद की भी मौत हुई थी।इस हमले को संयुक्त रूप से अमेरिका और इजरायल ने अंजाम दिया। शनिवार को मिडिल-ईस्ट में स्थिति और गंभीर हो गई जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें खामेनेई का कार्यालय भी शामिल था। हमले के तुरंत बाद रविवार को खामेनेई की मृत्यु हो गई थी।अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर काम जारी रखे हुए है और मिसाइल विकसित कर रहा है। ट्रम्प ने एक वीडियो संदेश में ईरानी जनता से अपील की कि वे खामेनेई शासन के खिलाफ खड़े हों और अपनी सरकार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।हमले के बाद ईरान ने कई खाड़ी देशों के खिलाफ सैन्य और कूटनीतिक प्रतिक्रिया की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।



हिन्दी जगत महामंच

www.tvbharatvarsh.in

भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ई-पेपर

प्रदेश का नं. 1 प्रतिष्ठित हिन्दी न्यूज़ ई-पेपर



विज्ञापन दर

साईज	विजिटिंग कार्ड	क्वाटर पेज	हाफ पेज	फुल पेज (अंदर)	फुल पेज (कवर 2- 3)	फुल पेज (कवर 4- अंतिम)	(फ्रंट पेज)
रेट	₹ 3000	₹ 6000	₹ 10,000	₹ 20,000	₹ 25,000	₹ 30,000	₹ 100000

8601780000

अफगानिस्तान–पाकिस्तान सीमा पर बढ़ा तनाव

हवाई हमलों और गोलीबारी से हालात गंभीर

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर दशकों से विवाद और अविश्वास बना हुआ है।सीमा पार आतंकवादी ठिकानों और सैन्य कार्रवाइयों के आरोप-प्रत्यारोप ने दोनों देशों के रिश्तों को लगातार तनावपूर्ण रखा है।हालिया हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई इसी लंबे सीमा विवाद और सुरक्षा चिंताओं की पृष्ठभूमि में देखे जा रहे हैं।



टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर पिछले चार दिनों से जारी हवाई हमलों और भारी गोलीबारी ने दोनों देशों के रिश्तों को एक बार फिर गंभीर संकट में डाल दिया है। तालिबान सरकार ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान के अत्यंत संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। रावलपिंडी स्थित यह एयरबेस पाकिस्तान वायुसेना के लिए रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। तालिबान के इस दावे के बाद क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।तालिबान के एक वरिष्ठ मंत्री ने यह भी कहा कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। तालिबान के अनुसार, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्वतंत्र स्रोतों से भी इन हमलों की पूरी जानकारी सामने नहीं आ पाई है।तालिबान का कहना है कि यह जवाबी कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा अफगान क्षेत्र में किए गए हवाई हमलों के प्रतिशोध में की गई है। तालिबान ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान ने काबुल, बगराम एयरबेस और अन्य इलाकों में हवाई हमले किए, जिनमें कई लोग मारे गए। तालिबान प्रशासन का दावा है कि इन हमलों में नागरिक भी प्रभावित हुए हैं।वहीं पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि उसकी जवाबी कार्रवाई में अब तक 400 से अधिक अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि वे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमाई अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।सीमा क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों में भारी दहशत का माहौल है। लगातार हो रही गोलीबारी के कारण कई गांव खाली कराए गए हैं और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। मानवीय संकट की आशंका भी जताई जा रही है।विश्लेषकों का मानना है कि यदि स्थिति पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो यह संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय अस्थिरता में बदल सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है, ताकि हालात और न बिगड़ें

पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन यात्रा राजनाथ सिंह ने कहा- बंगाल में परिवर्तन की घोषणा है



टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

पश्चिम बंगाल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'परिवर्तन यात्रा' को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ रैली नहीं है, बल्कि बंगाल में बदलाव की घोषणा है। सभा में उन्होंने 'एक देश, एक विधान, एक निशान' का नारा लगाते हुए राज्य के लोगों से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट देने की अपील की।रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल वीरों और क्रांतिकारियों की भूमि है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित बंगाली नेताओं के योगदान को रेखांकित किया। सिंह ने कहा, "बंगाल की मिट्टी में त्याग और आत्मसम्मान समाहित है। मैं आपका उत्साह देख रहा हूं, और कह सकता हूं कि परिवर्तन की घोषणा बंगाल की धरती से हो रही है। परिवर्तन का समय आ गया है। अब छुकना मत।"उन्होंने अपने भाषण में कहा कि बंगाल की भूमि साधारण नहीं है और यह वीरों और क्रांतिकारियों की भूमि रही है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का उद्धरण साझा किया, 'मुझे रक्त दो, और मैं तुम्हें स्वतंत्रता दूंगा।' इसके साथ ही उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया, जिन्होंने कहा था कि देश में 'दो विधान', 'दो निशान' और 'दो प्रधान' नहीं चलेंगे।रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस प्रतिज्ञा को पूरा किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब देश में केवल 'एक देश, एक विधान, एक निशान' होगा।सभा में उपस्थित समर्थकों ने उत्साह के साथ भाजपा के नारे लगाए और परिवर्तन यात्रा के महत्व को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। राजनाथ सिंह की इस सभा को राज्य में भाजपा की आगामी चुनाव रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।



वृंदावन में परंपराओं की बेड़ियां तोड़कर विधवा माताओं ने खेली होली

मिडिल ईस्ट में बढ़ रहे तनाव के बीच सामने आया PM मोदी का बड़ा बयान

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय



पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी के नेतृत्व में कनाडा के साथ संबंधों में आई वृद्धि की सराहना की और कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक 50 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को छूते हुए अपने आर्थिक सहयोग को और गहरा करना है। इस संदर्भ में उन्होंने आगे बताया कि ओटावा और नई दिल्ली ने निकट भविष्य में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने ये बातें सोमवार को राजधानी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के दौरान कहीं। पीएम मोदी ने कहा, "आज हमने इस विजन को अगले स्तर की साझेदारी में बदलने पर चर्चा की। हमारा लक्ष्य 2030 तक 50 अरब डॉलर का व्यापार हासिल करना है। आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए, हमने जल्द ही एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है।" पीएम मोदी ने कहा, "यह निर्णय दोनों देशों में नए निवेश और रोजगार के अवसर खोलेगा। कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है। यह भारत की विकास गाथा में उनके गहरे विश्वास का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि दिन में आगे चलकर नेता व्यापार जगत के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे, जिनके सुझाव दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग की रूपरेखा तैयार करने में सहायक होंगे। बता दें कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस समय भारत में हैं और पीएम मोदी के मेहमान हैं। दोनों नेताओं ने तमाम मुद्दों पर बैठकर बात की है।

मध्य-पूर्व तनाव से भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय



मध्य-पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर भारतीय घरेलू शेयर बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। सोमवार को BSE सेंसेक्स दिन के कारोबार में दोपहर करीब 1 बजे 1,579 अंकों तक गिर गया, जबकि NIFTY 50 में 478 अंकों की कमजोरी देखी गई। हालांकि, दिन के अंत तक सेंसेक्स 1,048 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ और NIFTY 50 24,900 के नीचे कारोबार बंद हुआ।लगभग सभी प्रमुख सेक्टरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला। विशेषज्ञों के अनुसार, इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में बढ़ती अनिश्चितता है। ईरान और इजरायल के बीच सैन्य कार्रवाई और जवाबी हमलों से वैश्विक बाजार अस्थिर हो गए हैं। निवेशकों में तनाव और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ गई, जिससे घरेलू बाजार में तेज़ बिकवाली हुई।इस बीच कच्चे तेल की कीमतों में भी तेज़ी आई। वैश्विक तेल मानक Brent Crude में 7% से अधिक की बढ़ोतरी देखी गई और कीमत 82.40 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो पिछले कई महीनों में सबसे ऊंचा स्तर है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का असर विशेष रूप से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, पेट्रोलियम और एविएशन सेक्टर के शेयरों पर पड़ा, क्योंकि इनका लागत ढांचा सीधे तौर पर क्रूड प्राइस से जुड़ा होता है।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मध्य-पूर्व में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो इसका प्रभाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भी पड़ सकता है। इस अस्थिरता ने घरेलू निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है और जोखिम से बचने के लिए वे शेयर बेचने पर मजबूर हो रहे हैं।

कुवैत ने गलती से गिराए अमेरिका के F-15E लड़ाकू विमान, सभी क्रू सुरक्षित

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय



ईरान के खिलाफ जारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के बीच अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी मिलिट्री ने पुष्टि की है कि कुवैत के कुवैती एयर डिफेंस फोर्स ने गलती से अमेरिकी तीन F-15E स्ट्राइक ईगल्स एयरक्राफ्ट को मार गिराया। हालांकि, सभी छह क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकल आए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।US सेंट्रल कमांड ने अपने बयान में कहा कि यह घटना फ्रेंडली फायर की श्रेणी में आती है और इसके कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कुवैती सेना को इस घटना को मानने और ऑपरेशन के दौरान सहयोग देने के लिए धन्यवाद भी दिया। बयान में कहा गया, "एक्टिव लड़ाई के दौरान जिसमें ईरानी एयरक्राफ्ट, बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले शामिल थे, US एयर फोर्स के फाइटर जेट को कुवैती एयर डिफेंस ने गलती से निशाना बनाया।"US सेंट्रल कमांड ने जोर देकर कहा कि सभी छह क्रू मेंबर सुरक्षित रूप से रिकवर कर लिए गए हैं और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि कुवैत ने इस घटना को स्वीकार किया है और ऑपरेशन में सहयोग के लिए आभारी हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान क्षेत्र में कई देशों की मिलिट्री मौजूदगी और हाई-टेंशन परिस्थितियां फ्रेंडली फायर जैसी घटनाओं का जोखिम बढ़ा देती हैं। हालांकि, इस घटना से यह स्पष्ट हो गया कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय और सुरक्षा प्रोटोकॉल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अमेरिकी और इजरायली मिलिट्री ईरान के ठिकानों और ड्रोन नेटवर्क पर निरंतर कार्रवाई कर रहे हैं। इस घटना के बावजूद ऑपरेशन जारी है, लेकिन इस फ्रेंडली फायर ने क्षेत्र में तनाव और जोखिम की गंभीरता को दोबारा उजागर कर दिया है।US मिलिट्री ने कहा है कि जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट साझा की जाएगी और आगे ऐसे हादसों को रोकने के लिए कुवैती सेना और अमेरिकी एयर फोर्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

संपादक की कलम से

मध्य-पूर्व एक बार फिर युद्ध की आंच में झुलस रहा है।इज़राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है, जबकि ईरान और लेबनान जैसे देशों की भूमिका ने हालात को और जटिल बना दिया है। गाज़ा पट्टी में लगातार हो रही बमबारी, नागरिकों की मौतें और मानवीय संकट ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंताओं को गहरा कर दिया है।युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा आम नागरिक भुगत रहे हैं। अस्पतालों, स्कूलों और राहत शिविरों तक पर हमलों की खबरें मानवता को झकझोरती हैं। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं और बुनियादी सुविधाएं चरमरा गई हैं। खाद्य, पानी और दवाओं की कमी ने स्थिति को भयावह बना दिया है। यह केवल दो पक्षों का सैन्य टकराव नहीं, बल्कि एक मानवीय त्रासदी बन चुका है।राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह संघर्ष दशकों पुरानी अविश्वास और असफल कूटनीति का परिणाम है। शांति वार्ताओं के कई प्रयास हुए, लेकिन स्थायी समाधान अब भी दूर है। वैश्विक शक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा ने भी इस क्षेत्र को शतरंज की बिसात बना दिया है। हथियारों की आपूर्ति और कूटनीतिक बयानबाजी आग में घी का काम कर रही है।अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? केवल सैन्य कार्रवाई से स्थायी शांति संभव नहीं। जरूरत है तत्काल युद्धविराम, मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति और निष्पक्ष मध्यस्थता की। संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख शक्तियों को सक्रिय, संतुलित और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना होगा।मध्य-पूर्व की स्थिरता केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी आवश्यक है। यदि यह संघर्ष और फैलता है, तो इसके प्रभाव ऊर्जा बाजार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर व्यापक रूप से पड़ सकते हैं।समय की मांग है कि सभी पक्ष हथियारों की भाषा छोड़कर संवाद की राह अपनाएं। युद्ध विनाश देता है, जबकि शांति ही भविष्य का निर्माण करती है। मानवता की पुकार है—अब और नहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली'

कार्यक्रम में चार महिला कल्याण योजनाओं का किया शुभारंभ

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजधानी दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में भाग लेकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और बेटियां उपस्थित थीं।इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली सरकार की चार महिला-केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। इनमें 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना', 'मेरी पूंजी मेरा अधिकार योजना', 'फ्री एलपीजी सिलेंडर स्कीम' और 'मुफ्त बस यात्रा के लिए सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' शामिल हैं। इन योजनाओं को होली से पहले महिलाओं और बेटियों के लिए विशेष सौगात के रूप में पेश किया गया है।'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का उद्देश्य बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिसके तहत चयनित बालिकाओं के नाम पर चरणबद्ध वित्तीय सहायता दी जाएगी, ताकि वे उच्च शिक्षा और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। वहीं 'मेरी पूंजी मेरा अधिकार योजना' महिलाओं को स्वरोजगार और लघु उद्यम शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग और वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करेगी।'फ्री एलपीजी सिलेंडर स्कीम' के तहत जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे महंगाई के बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' योजना के अंतर्गत महिलाओं को राजधानी में मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनकी आवाजाही सुरक्षित और सुलभ हो सके।अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक अवसरों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ये योजनाएं दिल्ली की लाखों महिलाओं के जीवन में ठोस बदलाव लाने का माध्यम बनेंगी और सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने इन पहलों का स्वागत किया और इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया



दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहीं

पटियाला हाउस कोर्ट ने IYC कार्यकर्ताओं को दी जमानत

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

राजधानी दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एआई समिट के दौरान कथित शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह प्रदर्शन सरकार की आलोचना का एक तरीका था और ट्रायल शुरू होने से पहले आरोपियों को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे और उनमें किसी प्रकार का धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। अदालत ने कहा कि मामले में तोड़फोड़, हिंसा या आम लोगों को डराने-धमकाने का कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किया गया। न्यायालय ने यह भी नोट किया कि प्रदर्शन कर रहे लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ स्थल से बाहर ले जाया गया था।अपने आदेश में अदालत ने टिप्पणी की कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल अधिकार है और जेल भेजना केवल विशेष परिस्थितियों में ही उचित ठहराया जा सकता है। यदि बिना पर्याप्त कारण के किसी व्यक्ति को ट्रायल से पहले हिरासत में रखा जाता है, तो यह बिना दोष सिद्ध हुए सजा देने जैसा होगा।यह आदेश पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि द्वारा पारित किया गया। उन्होंने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद राहत प्रदान की।सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपियों का उद्देश्य केवल शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराना था और वे किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधि में शामिल नहीं थे। अभियोजन पक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान की दलील दी, लेकिन अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्य गंभीर आपराधिक मंशा को सिद्ध नहीं करते। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला भविष्य में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में एक महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में देखा जा सकता है।




शिवराज सिंह चौहान का तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला

तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य की ममता बनर्जी सरकार राजनीतिक लाभ के लिए अवैध प्रवासियों को शरण दे रही है।उत्तर 24 परगना जिले में आयोजित 'परिवर्तन यात्रा' रैली को संबोधित करते हुए चौहान ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ता घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनवाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश है। चौहान ने कहा, "ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए। बंगाल में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं के साथ बलात्कार और उत्पीड़न की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।"सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर भी उन्होंने राज्य सरकार को घेरा। चौहान ने दावा किया कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए आवश्यक भूमि राज्य सरकार उपलब्ध नहीं करा रही है। उनका कहना था कि यदि सीमा पर प्रभावी तरीके से फेंसिंग हो जाए तो अवैध घुसपैठ पर रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की ढिलाई के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित हो रही है।चौहान ने यह भी वादा किया कि यदि भारतीय जनता पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो अवैध घुसपैठ, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से परिवर्तन के लिए भाजपा का समर्थन करने की अपील की।हालांकि, तृणमूल कांग्रेस की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावों से पहले राज्य में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है, जिससे सियासी माहौल और गरमा सकता है।





म्यूचुअल फंड्स में निवेश

जोखिम, फायदे और सही निवेश रणनीति जानने के लिए पूरा गाइड



भारत में म्यूचुअल फंड्स निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय वित्तीय साधनों में से एक बन चुके हैं। ये फंड कई निवेशकों से पैसा इकट्ठा करके अलग-अलग स्टॉक्स, बॉन्ड्स और अन्य सिक्योरिटीज़ में निवेश करते हैं। इसका प्रबंधन प्रोफेशनल फंड मैनेजर करते हैं। निवेशक सीधे इन सिक्योरिटीज़ के मालिक नहीं होते, बल्कि फंड की यूनिट्स के मालिक होते हैं, जिनकी वैल्यू नेट एसेट वैल्यू (NAV) पर आधारित होती है। NAV फंड के अंदर किए गए निवेश के प्रदर्शन के अनुसार ऊपर-नीचे होती रहती है।भारत में म्यूचुअल फंड को मुख्य रूप से स्ट्रक्चर, एसेट क्लास, निवेश के उद्देश्य और जोखिम प्रोफ़ाइल के आधार पर बांटा जाता है। इससे निवेशकों को उनके फाइनेंशियल लक्ष्यों, लिक्विडिटी आवश्यकताओं और जोखिम लेने की क्षमता के अनुसार सही फंड चुनने में मदद मिलती है। प्रमुख प्रकार इस प्रकार हैं:इक्विटी फंड मुख्य रूप से स्टॉक्स में निवेश करता है और लंबी अवधि में उच्च रिटर्न देने का लक्ष्य रखते हैं। जोखिम भी ज्यादा होता है, इसलिए यह उन निवेशकों के लिए बेहतर है जो लंबी अवधि के लिए निवेश कर रहे हैं और उच्च रिटर्न की उम्मीद रखते हैं।डेट फंड का निवेश बॉन्ड्स, सरकारी प्रतिभूतियों और अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में होता है। यह कम जोखिम वाले फंड हैं और नियमित इनकम या सुरक्षित निवेश विकल्प की तलाश में रहने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं।हाइब्रिड फंड इक्विटी और डेट दोनों में निवेश करता है। इसका उद्देश्य जोखिम और रिटर्न के बीच संतुलन बनाना है। नए निवेशक और मध्यम अवधि के निवेशकों के लिए यह उपयुक्त विकल्प माना जाता है।मनी मार्केट फंड अल्पकालिक डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करते हैं और मुख्य रूप से लिक्विडिटी और सुरक्षा पर ध्यान देते हैं। इनका रिटर्न आमतौर पर कम होता है, लेकिन यह सुरक्षित और जल्दी नकदी में बदलने योग्य विकल्प प्रदान करते हैं।म्यूचुअल फंड्स निवेशकों को डाइवर्सिफिकेशन, प्रोफेशनल मैनेजमेंट और अलग-अलग एसेट क्लास तक आसान पहुंच देते हैं। यह नए निवेशकों के लिए भी उपयुक्त है क्योंकि उन्हें बाजार के रोज़मर्रा के उतार-चढ़ाव की चिंता नहीं करनी पड़ती। लॉन्ग-टर्म पोर्टफोलियो बनाने वालों के लिए भी म्यूचुअल फंड सुरक्षित और प्रभावी विकल्प हैं।सही म्यूचुअल फंड चुनने के लिए निवेशकों को अपनी निवेश अवधि, जोखिम क्षमता और वित्तीय लक्ष्य को समझना जरूरी है। नए निवेशक SIP (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित और छोटे निवेश से शुरुआत कर सकते हैं। इसके अलावा फंड के प्रदर्शन, फंड हाउस की प्रतिष्ठा और खर्च अनुपात (expense ratio) पर भी ध्यान देना चाहिए।निष्कर्षतः, म्यूचुअल फंड्स निवेशकों को संरक्षित और व्यवस्थित तरीके से धन बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रकार के फंड्स और उनके लाभों को समझकर निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

ईरान-इजराइल संघर्ष से प्रभावित, पीवी सिंधु की ऑल इंग्लैंड ओपन में भागीदारी अनिश्चित



दुबई में ट्रांजिट के दौरान फंसी भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु की ऑल इंग्लैंड ओपन में भागीदारी अब संदिग्ध नजर आ रही है। ईरान-इजराइल के बीच जारी युद्ध और उसके कारण हवाई मार्गों में व्यवधान के चलते पीवी सिंधु अपनी टीम के साथ दुबई के एक होटल में रुकी हुई हैं। फ्लाइट रद्द होने और हवाई यात्रा ठप होने के कारण उनका बर्मिंघम पहुंचना मुश्किल हो गया है।इस बीच पीवी सिंधु के कोच विमल कुमार ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। वहीं, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ऑल इंग्लैंड ओपन की शुरुआत 3 मार्च से होने वाली है, लेकिन फिलहाल भारत की टॉप शटलर के टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना बहुत कम लग रही है।बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय मिश्रा ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा कि वह लगातार पीवी सिंधु के संपर्क में हैं, लेकिन परिस्थितियाँ उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने बताया, "बदकिस्मती से ऐसा लग रहा है कि वह ऑल इंग्लैंड ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी।"संजय मिश्रा ने यह भी कहा कि वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन (BWF) ने बहुत हमदर्दी दिखाई है और भरोसा दिलाया है कि ट्रैवल में फंसे सभी खिलाड़ियों के लिए किसी भी गेम को रीशेड्यूल किया जा सकता है। हालांकि फिलहाल उनके पास कोई निश्चित विकल्प नहीं है।ऐसा प्रतीत होता है कि ईरान-इजराइल युद्ध का असर अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों तक पहुंच चुका है और खिलाड़ियों की यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर गंभीर चुनौती बन गया है।



संजू सैमसन के सेलिब्रेशन पर ICC की नजर

हेलमेट फेंकने पर हो सकता है जुर्माना

प्राग चेस फेस्टिवल 2026:

अब्दुसत्तोरोव और वैन फॉरेस्ट के मुकाबले बने मुख्य आकर्षण



चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव 2026 में मास्टर्स वर्ग के मुकाबले दिन-प्रतिदिन और रोमांचक होते जा रहे हैं। पांचवें राउंड के बाद स्थिति बेहद दिलचस्प बनी हुई है, जिसमें सभी पांच मुकाबले निर्णायक रहे और तालिका में बड़े बदलाव देखने को मिले।दिन का सबसे चर्चित मुकाबला नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच हुआ। शुरुआती बढ़त गुकेश के पास थी, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने अपनी बढ़त गंवा दी। अंततः अब्दुसत्तोरोव ने सटीक चालों के दम पर जीत दर्ज कर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।इच ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हंस नीमन की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की और तालिका में अपनी बढ़त बनाए रखी। वैन फॉरेस्ट इस साल लगातार जीतते हुए लाइव रेटिंग सूची में शीर्ष-10 के करीब पहुंच चुके हैं।स्थानीय स्टार डेविड नवारा ने भी शानदार खेल दिखाते हुए नोदिरबेक याकुब्बोएव को हराया। यह दिन का सबसे आकर्षक मुकाबला माना गया। अन्य मुकाबलों में परहम मगसूदलू ने विंसेंट कीमर को मात दी, जबकि डेविड एंटोन गुइजारो ने अरविंद चिथंबरम को हराया। अरविंद के लिए यह तीसरी हार रही, जो उनके लिए झटका साबित हुई।चैलेंजर्स वर्ग में 16 वर्षीय वैक्लाव फ़िनक ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और तालिका में एक अंक की बढ़त बनाई। भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने भी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की, जिससे युवा खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला।

PCB ने खिलाड़ियों पर लगाया भारी जुर्माना



टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (करीब 16.28 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाने का फैसला किया है। यह कदम टीम के लगातार खराब प्रदर्शन और विशेषकर भारत के खिलाफ मुकाबले में हार के तुरंत बाद लिया गया।न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, PCB ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को आर्थिक लाभ केवल अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा। बोर्ड अधिकारियों और पाकिस्तानी फैंस दोनों ही टीम के खेल से बेहद नाराज हैं। PCB का कहना है कि अच्छे प्रदर्शन पर इनाम मिलता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलनी चाहिए। यही वजह है कि भारत के खिलाफ मैच के तुरंत बाद खिलाड़ियों को यह निर्णय बताया गया।पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज की। इसके बाद USA को हराया, लेकिन भारत के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। श्रीलंका की परिस्थितियों और स्पिन गेंदबाजों के दम पर बेहतर खेल की उम्मीद थी, लेकिन पाकिस्तान को भारत से 61 रन से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, नामीबिया को हराकर टीम सुपर-8 स्टेज में पहुंची।सुपर-8 स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान का मैच बारिश की वजह से धुल गया। इंग्लैंड के खिलाफ करीबी मुकाबला हारने के बाद टीम की सेमीफाइनल की उम्मीदें अन्य मैचों के नतीजों पर टिकी रहीं।

गौतम गंभीर ने इंग्लैंड से सेमीफाइनल को चुनौतीपूर्ण बताया



टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत को गुरुवार, 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड का सामना करना है। दोनों टीमों के बीच होने वाला यह मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की उम्मीद है। भारतीय टीम इस मुकाबले को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और देश की उम्मीदें टीम पर टिकी हुई हैं। भारतीय टीम के कोच और पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंग्लैंड की टीम और आगामी मुकाबले के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एक वर्ल्ड क्लास टीम है और उनके पास कई क्वालिटी खिलाड़ी हैं। गंभीर ने स्पष्ट किया कि वानखेड़े में खेला जाने वाला यह सेमीफाइनल भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन इसे देश के लिए कुछ खास करने का अवसर भी माना जा रहा है।गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों को ध्यानपूर्वक तैयारी करने और पूरी लगन से खेलने की हिदायत दी। उन्होंने कहा, "हमें उम्मीद है कि हम अपना बेस्ट गेम खेलेंगे। यह जरूरी भी है क्योंकि इंग्लैंड जैसी टीम को हराने के लिए हमें पूरी ताकत और रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। इस मुकाबले में जीत हासिल करना फाइनल की राह आसान बनाने के लिए अहम है।"उन्होंने यह भी जोड़ा कि सेमीफाइनल में हर खिलाड़ी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा। गंभीर के अनुसार, यह मैच न केवल टीम की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता की कसौटी है, बल्कि देश के क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का भी मौका है।टी20 वर्ल्ड कप के इस संस्करण में भारत ने अपनी क्षमता और टीम वर्क से प्रभावित प्रदर्शन किया है। अब सेमीफाइनल में इंग्लैंड जैसे मजबूत विरोधी के सामने खेलना भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ अनुभव और प्रदर्शन को परखने का महत्वपूर्ण अवसर भी है।इस मैच के परिणाम से टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल की दिशा तय होगी और दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

चीन के युन्नान में चमकते दातों को काला करने का है रिवाज

काली दांतों में दिखती है खूबसूरती

अब ये रिवाज लुप्त हो रहा है. फिर भी इस रस्म की विरासत आज भी कायम है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बुलंग लोगों में रांची नामक एक असामान्य रस्म होती है.

मोतियों से सफेद और चमचमाते दांत खूबसूरती का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है. कई बार मुस्कुराते चेहरे पर सुंदर दंत पंक्तियां खूबसूरती का पैमाना बन जाती है. मगर दुनिया में ऐसे लोग भी हैं, जिनके बीच काले दांतों का मतलब असली ब्यूटी होता है. चलिए जानते हैं ये लोग कौन हैं और ऐसा क्यों करते हैं.

चीन के युन्नान के बुलंग जातीय समूह के लोग किशोरावस्था में पहुंचने पर अपने दांत काले क्यों कर लेते हैं? इन पर्वतीय लोगों में लकड़ी जलाने से निकलने वाले धुएं का इस्तेमाल कर दांतों को काला करने की परंपरा है. हालांकि, अब ये रिवाज लुप्त हो रहा है.



यहां महिलाओं की खूबसूरती का पैमाना हैं काले दांत (Photo - X/ @fascinate)

फिर भी इस रस्म की विरासत आज भी कायम है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बुलंग लोगों में रांची नामक एक असामान्य रस्म होती है. इसमें वे वयस्क होने और सामाजिक अधिकारों के प्रतीक के रूप में अपने दांतों को काले रंग से रंग लेते हैं. एक हजार साल से भी अधिक के इतिहास वाला यह जातीय समूह मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में पाए जाते हैं.

आज बुलंग समुदाय के लगभग 127,000 लोग हैं. पहाड़ों और जंगलों में रहने वाले ये लोग काले रंग के दांत को सुंदरता और शक्ति का प्रतीक मानते हैं, उनका मानना है कि यह बुराई और आपदा से बचाता है. 14 या 15 वर्ष की आयु में, लड़के और लड़कियां रांची नामक एक रस्म से गुजरते हैं. इसमें वे एक-दूसरे के दांतों को रंगते हैं. इस प्रक्रिया में अम्लीय फल खाना या दांतों पर खट्टा रस लगाना शामिल है. फिर जलती हुई लकड़ी या चीड़ की राल के धुएं से दांतों को रंगते हैं. कुछ लोग तंबाकू और चूने के साथ सुपारी भी चबाते हैं, ताकि इनके दांत काले हो जाएं. ⊙



पाकिस्तान के 'पिया' बने वर्ल्ड बैंक चीफ

पाकिस्तान ने वर्ल्ड बैंक से अरबों कर्ज ले रखा है और हमेशा कर्जे के लिए वह टकटकी लगाए रहता है. पाकिस्तान की इस कर्जखोरी को लेकर वैश्विक स्तर पर भी उनकी कई बार किरकिरी हो चुकी है. अब एक बार फिर से वहां कुछ ऐसा हो रहा है कि लोग सोशल मीडिया पर भारत के इस पड़ोसी देश का मजाक उड़ा रहे हैं. खिल्ली उड़ाने वालों में ज्यादातर पाकिस्तान के नागरिक ही शामिल हैं. दरअसल, इन दिनों वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट पाकिस्तान पहुंचे हुए हैं. ⊙

इसमें गई थी कई बच्चों की जान!

कोरियन गेम ने दिलाई ब्लू व्हेल चैलेंज की याद

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों के 9वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड करने का मामला चर्चा में है. बताया जा रहा है कि तीनों लड़कियां ऑनलाइन कोरियन लव टास्क गेम खेलने की आदी थीं. इस गेम का आखिरी टास्क सुसाइड से रिलेटेड था और इसके चलते तीनों बहनें 9वीं मंजिल से कूद गईं.

अब सोशल मीडिया पर भी इस कोरियन गेम की चर्चा हो रही है और कुछ साल पहले आए ब्लू व्हेल चैलेंज को याद कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर यूजर्स कर रहे हैं कि इस गेम ने एक बार फिर ब्लू व्हेल चैलेंज की याद दिला दी है. अभी तक कोरियन गेम को लेकर ज्यादा जानकारी सामने



